[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, गुरुवार, 21 मई 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 5 | वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 221, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत | +91-9594542679 | www.padmavatmedia.in | padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

**{ अनमोल वचन }**

मनुष्य जितना ज्ञान में घुल गया हो उतना ही कर्म के रंग में रंग जाता है।

पुलिस मुख्यालय में ... 02

03 कानून-व्यवस्था, सड़क सुरक्षा ...

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की शिष्टाचार मुलाकात

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार



मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच देश और राजस्थान के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान राज्यपाल बागडे ने राज्य के समग्र विकास, जनहित एवं प्रशासनिक विषयों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री से संवाद किया। दोनों के बीच राष्ट्रीय विकास, सुशासन और विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ। यह भेंट सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई, जिसमें देश और राज्यहित से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर सकारात्मक चर्चा की गई।

### पद्म पुरस्कार-2027 हेतु योग्य व्यक्तियों के नाम आमंत्रित

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2027 के पद्म पुरस्कारों हेतु ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। इस संबंध में जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सलूम्बर कार्यालय द्वारा जिले के समस्त जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निदेशों के अनुसार कला, साहित्य, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा एवं जनहित के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं असाधारण योगदान देने वाले योग्य व्यक्तियों के नाम प्रस्तावित किए जा सकते हैं।

अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. दिनेश राय सपेला ने बताया कि संबंधित अधिकारी अपने-अपने कार्यक्षेत्र से जुड़े प्रतिभावान, उत्कृष्ट एवं प्रमाणिक व्यक्तियों की पहचान कर उनका पूर्ण विवरण एवं बायोडाटा 15 जुलाई 2026 तक जिला सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, सलूम्बर में जमा करवाना सुनिश्चित करें, ताकि समय पर जिला स्तर से ऑनलाइन अनुशंसा भेजी जा सके।

उन्होंने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### अवैध शराब के विरूद्ध अभियान जारी

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निदेशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में अवैध मदिरा जब्त करते हुए वॉश नंष्ट कर अभियोग दर्ज किए गए। बांसवाड़ा एवं कुशलगढ़ क्षेत्र में आबकारी निरोधक दल ने अवैध मदिरा पर कार्रवाई करते हुए 2 हजार वॉश एवं 2 भट्टियां नष्ट की। मौके से 41 बोतल अवैध हथकड़ मदिरा बरामद कर 4 अभियोग दर्ज किए। प्रदेश के समस्त जिलों में भी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, दबिश व सघन गश्त की जा रही है। प्रदेश में समस्त अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन, आबकारी उपायुक्त, जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी निरीक्षक एवं आबकारी निरोधक दल द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्यवाही की जा रही है।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति की बैठक 21 को

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिला सतर्कता समिति की बैठक एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरुवार 21 मई को सुबह 10 बजे कलक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में होगी। प्रभारी अधिकारी गिर्वा एसडीएम अवुला सांईकृष्ण ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय पर बैठक एवं जनसुनवाई में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

---

### राजसमंद को भीलवाड़ा और मेवाड़ को मारवाड़ से जोड़ने की मांग प्रमुखता से उठाई

# राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने रेलवे विकास को दी नई गति





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (जेडआरयूसीसी) की बैठक में राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने राजसमंद लोकसभा क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित रेल परियोजनाओं को मजबूती से उठाते हुए क्षेत्रीय विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर जोरदार पैरवी की। बैठक में जयपुर सांसद मंजू शर्मा, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, रेलवे महाप्रबंधक अमिताभ जी, उप महाप्रबंधक शशांक जी, विधायकगण, समिति सदस्य एवं रेलवे अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने कुंवारिया-भीलवाड़ा वाया गंगापुर नई रेल लाइन परियोजना की मांग को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि यह परियोजना राजसमंद जिले के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने कहा कि इस रेल लाइन के बनने से राजसमंद का सीधा संपर्क भीलवाड़ा से स्थापित होगा, जिससे क्षेत्र की औद्योगिक, व्यापारिक एवं पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलेगी। साथ ही मेवाड़ क्षेत्र का अन्य राज्यों के साथ रेल संपर्क भी अधिक मजबूत होगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में क्षेत्र के लोगों को लंबी दूरी तय कर रेल सेवाओं का लाभ लेना पड़ता है, जबकि नई रेल लाइन बनने से यात्रियों के समय और दूरी दोनों में कमी आएगी तथा व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने देवगढ़ मदारिया से हरिपुर (बर) तक नई रेल लाइन परियोजना का मुद्दा भी प्रभावी ढंग से उठाया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना मेवाड़ और मारवाड़ को सीधे जोड़ने वाला विकास का महत्वपूर्ण सेतु साबित होगी। इस रेल संपर्क से देवगढ़, नाथद्वारा, राजसमंद सहित आसपास के क्षेत्रों को सीधा लाभ मिलेगा तथा धार्मिक पर्यटन, व्यापार और आवागमन को नई दिशा प्राप्त होगी।

उन्होंने कहा कि यह केवल रेल लाइन परियोजनाएं नहीं बल्कि मेवाड़ क्षेत्र के समग्र विकास की आधारशिला हैं। इन परियोजनाओं के साकार होने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, पर्यटन उद्योग को मजबूती मिलेगी तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी।

सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने बताया कि वे लगातार रेलवे मंत्रालय एवं संबंधित अधिकारियों के समक्ष इन परियोजनाओं को लेकर फॉलोअप कर रही हैं, ताकि शीघ्र स्वीकृति प्राप्त कर इनका धरातल पर क्रियान्वयन शुरू कराया जा सके। उन्होंने कहा कि राजसमंद क्षेत्र को बेहतर रेल सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है और क्षेत्र के विकास से जुड़े हर मुद्दे को वे पूरी प्रतिबद्धता और गंभीरता के साथ आगे बढ़ाती रहेंगी।

---

### महिला सशक्तिकरण की ओर एक और कदम : वुमन नाइट रन 2.0 पोस्टर का विमोचन




पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** महिलाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण को समर्पित वुमन नाइट रन 2.0 के पोस्टर का विमोचन उदयपुर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन द्वारा किया गया। इस अवसर पर यशवंत फाउंडेशन की कनिष्का श्रीमाली एवं श्री सर्कल इंडिया के फाउंडर तारीका भानु प्रताप विशेष रूप से उपस्थित रहे। पोस्टर विमोचन के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि वह उस समय उदयपुर में उपलब्ध रहीं तो इस विशेष नाइट रन में अवश्य शामिल होंगी। श्री सर्कल इंडिया के फाउंडर तारीका भानु प्रताप ने बताया कि वुमन नाइट रन 2.0 केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को लेकर एक प्रेरणादायी अभियान है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जून माह में आयोजित इस कार्यक्रम को शहरवासियों का शानदार समर्थन मिला था और इसी उत्साह के साथ इस वर्ष भी आयोजन किया जा रहा है। यशवंत फाउंडेशन की कनिष्का श्रीमाली ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष यह नाइट रन 13 जून को आयोजित होगी। दौड़ महाकाल मंदिर से राजीव गांधी गार्डन तक आयोजित की जाएगी, जिसकी दूरी लगभग 2 किलोमीटर रहेगी। आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण, आत्मनिर्भरता और जागरूकता का संदेश देना है।

आयोजकों ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर महिला सशक्तिकरण के इस अभियान का हिस्सा बनने और समाज में सकारात्मक बदलाव की इस पहल को सफल बनाने की अपील की।

---

### राज्य स्तरीय महिला पतंजलि योग समिति कार्यशाला में शामिल होकर उदयपुर टीम लौटी



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** महिला पतंजलि योग समिति राजस्थान की दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला जयपुर में आयोजित हुई, जिसमें उदयपुर की टीम ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यशाला में योग, यज्ञ, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, स्वदेशी उत्पाद एवं भारतीय शिक्षा के प्रचार-प्रसार पर चर्चा हुई। उदयपुर से तारा चौहान के नेतृत्व में मंजुला शर्मा, पुष्पा लोढ़ा, मीना शर्मा, कमलेश गुप्ता, सीमा कुमावत एवं ज्योति नायर सहित कई कार्यकताओं ने सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम में हरिद्वार से लाइव जुड़ीं साध्वी देवप्रिया जी ने महिला सशक्तिकरण एवं संगठन विस्तार पर मार्गदर्शन दिया। राज्य प्रभारी सरिता गुर्जर ने विभिन्न जिलों की कार्ययोजनाओं एवं समस्याओं पर चर्चा की। कार्यशाला में राजस्थान के 41 जिलों से 200 से अधिक महिलाओं ने भाग लेकर योग को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

---

### ग्रीन पीपल सोसाइटी एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त पहल वर्षा ऋतु से पूर्व मृदा एवं जल संरक्षण कार्यों पर जोर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** मोरवानिया स्थित पीटीएस कैंपस को पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संतुलन का उत्कृष्ट मॉडल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी क्रम में ग्रीन पीपल सोसाइटी (जीपीएस) के सदस्यों द्वारा नवीन पदस्थापित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नियति शर्मा के साथ पीटीएस कैंपस मोरवानिया में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में संपूर्ण परिसर को वृक्षाच्छादित एवं रमणीय प्राकृतिक स्थल के रूप में विकसित करने संबंधी व्यापक प्रबंधन योजना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में ग्रीन पीपल सोसाइटी द्वारा मोरवानिया पीटीएस को राज्य स्तर की सर्वोत्तम एवं पर्यावरण अनुकूल पुलिस प्रशिक्षण संस्था के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। समिति सदस्यों ने बताया कि किसी भी परियोजना की सफलता के



लिए सुव्यवस्थित प्रबंधन योजना अत्यंत आवश्यक होती है। इसी उद्देश्य से जीपीएस द्वारा कैंपस के लिए वाटरशेड संरक्षण, वन संवर्धन एवं पर्यावरण विकास कार्यों पर आधारित विस्तृत रोडमैप तैयार किया जाना प्रस्तावित है।

योजना के अंतर्गत पर्यावरण सुधार, पौधारोपण के लक्ष्य, मृदा एवं जल संरक्षण कार्य, पक्षियों के संरक्षण हेतु फलदार पौधों का रोपण, विभिन्न प्रजातियों के पौधों की क्षेत्रवार एवं किस्मवार सूची तैयार करना तथा उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग जैसे विषयों पर चर्चा की गई। वर्षा ऋतु निकट होने के कारण समिति द्वारा तत्काल मृदा कार्य पूर्ण करने का सुझाव दिया गया, ताकि जून-जुलाई में वर्षा प्रारंभ होते ही तैयार गड्ढों में पौधारोपण कर पूरे क्षेत्र को हरित स्वरूप प्रदान किया जा सके।

बैठक में कैंपस की चारदीवारी शीघ्र पूर्ण कराने पर भी विशेष जोर दिया गया, जिससे बाहरी मवेशियों द्वारा पौधों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। इसके अतिरिक्त जल संरक्षण के उद्देश्य से क्षेत्र में स्थित प्राकृतिक नालों का अध्ययन कर वहां चेक डैम, एनीकट एवं अन्य जल संरचनाएं विकसित करने का प्रस्ताव भी रखा गया, ताकि वर्षा जल का प्रभावी संरक्षण किया जा सके।

ग्रीन पीपल सोसाइटी के अध्यक्ष राहुल भटनागर ने कहा कि संस्था एक मजबूत एवं व्यावहारिक प्रबंधन योजना तैयार करेगी, जिससे निर्धारित समय में प्रभावी परिणाम प्राप्त कर मोरवानिया पीटीएस कैंपस को पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास का आदर्श उदाहरण बनाया जा सकेगा।

---

## जब राजनीति योग्यता पर भारी पड़ जाती है : संस्थाओं के पतन की मौन कहानी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

हर ऊँचा पद योग्यता के बल पर प्राप्त नहीं होता। कई बार किसी संगठन में सबसे खतरनाक व्यक्ति वह नहीं होता जो खुलकर अयोग्य दिखाई दे, बल्कि वह होता है जो साधारण क्षमता का होते हुए भी राजनीति का असाधारण खिलाड़ी होता है।

ऐसे लोग अपनी प्रतिभा से नहीं, बल्कि सत्ता की चालों से ऊपर पहुँचते हैं। वे संगठन के विकास से अधिक लोगों की धारणा को नियंत्रित करना जानते हैं। उन्हें नेतृत्व से अधिक सत्ता प्रिय होती है।

उनकी सबसे बड़ी कला होती है – प्रतिभाशाली लोगों को धीरे-धीरे किनारे करना और उनके विरुद्ध नकारात्मक वातावरण तैयार करना। ईमानदार व्यक्ति को अहंकारी कहा जाता है। दूरदर्शी व्यक्ति को विवादित बना दिया जाता है। मेहनती व्यक्ति को समूह विरोधी सिद्ध किया जाता है।

धीरे-धीरे संगठन स्वयं अपने सबसे योग्य लोगों पर संदेह करने लगता है। दुर्भाग्य यह है कि शुरूआत में यह सब दिखाई नहीं देता।

ऐसे लोग अपने आसपास एक ऐसा समूह तैयार करते हैं जो योग्यता से नहीं, बल्कि स्वार्थ और सत्ता की निकटता से जुड़ा होता है। यह समूह अक्सर औसत सोच वाले लोगों का होता है, जिनके लिए राजनीति ही आगे बढ़ने का एकमात्र माध्यम होती है। फिर शुरू होता है षड्यंत्रों का दौर।

झूठी कहानियाँ गढ़ी जाती हैं। छवि खराब करने के अभियान चलाए जाते हैं। लोगों के मन में धीरे-धीरे जहर घोला जाता है।

और यह सब इतनी सफाई से किया जाता है कि दोषी व्यक्ति स्वयं कभी नकारात्मक नहीं दिखता। वे सार्वजनिक



**यशवर्धन राणावत**
उपाध्यक्ष, होटल एसोसिएशन उदयपुर

रूप से एकता की बात करते हैं, लेकिन भीतर विभाजन पैदा करते हैं। वे अनुशासन की बात करते हैं, लेकिन स्वतंत्र विचारों को दबाते हैं। वे टीमवर्क की बात करते हैं, लेकिन कभी नए व्यक्तियों को उभरने नहीं देते। यह नेतृत्व नहीं, बल्कि असुरक्षा का संगठित रूप है।

ऐसे व्यक्तियों में प्रायः गहरी आत्ममुग्धता होती है।

वे प्रतिभा को खतरा मानते हैं क्योंकि प्रतिभाशाली लोग उनकी औसतता को उजागर कर देते हैं। वे स्वतंत्र सोच रखने वालों से डरते हैं क्योंकि ऐसे लोग नियंत्रित नहीं किए जा सकते।

इसका परिणाम धीरे-धीरे पूरे संगठन पर दिखाई देने लगता है। रचनात्मक लोग चुप हो जाते हैं। ईमानदार लोग निराश हो जाते हैं। युवा प्रतिभाएँ हतोत्साहित हो जाती हैं। काम की जगह भय और गुटबाजी ले लेती है।

संस्था बाहर से चलती हुई दिखाई देती है – बैठकें होती हैं, कार्यक्रम होते हैं, तालियाँ बजती हैं, तस्वीरें छपती हैं – लेकिन भीतर से उसकी आत्मा कमजोर होने लगती है। और जब तक लोगों को वास्तविकता समझ आती है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है।

किसी भी महान संगठन की पहचान केवल उसके शीर्ष पद पर बैठे व्यक्ति से नहीं होती, बल्कि उससे होती है कि वह अपने नीचे कितने नए और सक्षम नेतृत्व तैयार करता है। सच्चा नेता प्रतिभा से डरता नहीं, उसे आगे बढ़ाता है। कमजोर नेता प्रतिभा को समाप्त करता है।

संस्थाएँ राजनीति से नहीं, बल्कि योग्यता, दृष्टि, साहस और सामूहिक विकास से महान बनती हैं। जिस दिन राजनीति योग्यता पर भारी पड़ने लगे, उसी दिन किसी संगठन का नैतिक और बौद्धिक पतन शुरू हो जाता है।

**सबसे खतरनाक क्षति वह होती है जो दिखाई नहीं देती।**

राजनीतिक चालों से चलने वाला नेतृत्व किसी संस्था को केवल कार्यक्षमता में कमजोर नहीं करता, बल्कि धीरे-धीरे उसके चरित्र को नष्ट कर देता है। जब संगठन में आगे बढ़ने का आधार योग्यता नहीं बल्कि सत्ता के समीकरण बन जाएँ, तब लोगों के मन में एक खतरनाक संदेश जन्म लेने लगता है – मेहनत से अधिक महत्वपूर्ण है सही गुट के साथ खड़ा होना। और जिस दिन यह सोच संस्थागत संस्कृति बन जाती है, उसी दिन औसतपन केवल समस्या नहीं रहता – वह व्यवस्था बन जाता है। ऐसे वातावरण में प्रतिभाशाली लोग खुलकर हराए नहीं जाते, बल्कि मानसिक रूप से थका दिए जाते हैं।

उनके विचारों को लगातार नजरअंदाज किया जाता है। उनकी उपलब्धियों का महत्व कम किया जाता है। उनके आत्मविश्वास को धीरे-धीरे चोट पहुँचाई जाती है।

आखिरकार कई सक्षम लोग संगठन छोड़ देते हैं – इसलिए नहीं कि उनमें क्षमता की कमी थी, बल्कि इसलिए कि वे विकास के बजाय षड्यंत्रों से लड़ते-लड़ते थक चुके होते हैं। विडंबना यह है कि ऐसे राजनीतिक व्यक्ति सबसे अधिक डरते हैं – पारदर्शिता से।

क्योंकि पारदर्शिता नीयत को उजागर करती है। पारदर्शिता योग्यता को सामने लाती है। पारदर्शिता फुसफुसाहट की राजनीति, छिपे हुए षड्यंत्र और झूठे नैरेटिव को कमजोर कर देती है। इसीलिए ऐसे लोग स्पष्टता से अधिक भ्रम को पसंद करते हैं। एकजुट टीम से अधिक बँटे हुए समूह को पसंद करते हैं। संगठनात्मक व्यवस्था से अधिक व्यक्तिगत निर्भरता को बढ़ावा देते हैं। उनकी एक और खतरनाक विशेषता होती है – कृत्रिम निष्ठा पैदा करना। वे ऐसा माहौल बनाते हैं जहाँ ईमानदारी से अधिक हाँ में हाँ मिलाना पुरस्कृत होता है। धीरे-धीरे स्वतंत्र सोच रखने वाले लोग गायब होने लगते हैं और संस्था एक ऐसे बंद कमरे में बदल जाती है जहाँ सत्य नहीं, सुविधा बोलती है। और जिस संस्था में असुविधाजनक सत्य सुनने की क्षमता समाप्त हो जाए, उसका पतन निश्चित हो जाता है।

हर संगठन के सामने एक समय ऐसा आता है जब उसे दो रास्तों में से एक चुनना पड़ता है – या तो ऐसे मजबूत व्यक्तित्व तैयार किए जाएँ जो संस्था को मजबूत बनाएं, या फिर ऐसे असुरक्षित लोगों को बचाया जाए जो भीतर ही भीतर संस्था को कमजोर करते रहें। एक रास्ता विरासत बनाता है। दूसरा केवल स्थिरता का भ्रम पैदा करता है।

राजनीतिक चालों से लोग कुछ समय के लिए पद, शक्ति और तालियाँ तो प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन इतिहास में स्थायी सम्मान केवल चरित्र से मिलता है। क्योंकि भय कुछ समय तक लोगों को नियंत्रित कर सकता है, लेकिन प्रेरणा केवल सत्यनिष्ठा ही दे सकती है। ■

## खबर संक्षेप

### झाड़ोल में 24वीं वर्षगांठ महोत्सव की धूम,

## मल्लीनाथ दिगंबर जैन मंदिर में होंगे भव्य धार्मिक आयोजन

**झाड़ोल @ पदमावत मीडिया।** मल्लीनाथ दिगंबर जैन मंदिर झाड़ोल की 24वीं वर्षगांठ महोत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण बना हुआ



है। मंदिर परिसर को आकर्षक सजावट से सजाया गया है तथा समाजजन विभिन्न तैयारियों में जुटे हुए हैं। यह भव्य आयोजन परम पूज्य आर्यिका 105 चैत्यमती माताजी ससंघ के मंगलमयी सानिध्य एवं वाणी भूषण पंडित रवि कीर्ति जी के कुशल निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है।

महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर मुंबई नवयुवक मंडल, जैन समाज झाड़ोल, महिला मंडल एवं मल्लिनाथ युवा मंच के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सक्रिय रूप से व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। मुंबई नवयुवक मंडल में विजय शाह, मनीष सकरावत, सुरेश जीमावत, अशोक देवड़ा, राजू चिंबोडिया, अरविंद फनावत, भंवर सकरावत और जयेश जैन सहयोग कर रहे हैं। वहीं जैन समाज झाड़ोल के अध्यक्ष केसुलाल मालवी, महिला मंडल अध्यक्ष धूली देवी मालवी एवं उनकी टीम सहित युवा मंच के कार्यकर्ता आयोजन को भव्य बनाने में लगे हुए हैं।

22 मई शुक्रवार को पूज्य माताजी एवं पंडित रवि कीर्ति जी के सानिध्य में मल्लिनाथ महामंडल का भव्य विधान आयोजित होगा। इस अवसर पर स्वामी वात्सल्य के लाभार्थी महावीर कुमार कन्हैयालाल कोठारी रहेंगे। इसी दिन दोपहर में मां भगवती पद्मावती देवी की भव्य गोद भराई का विशेष धार्मिक आयोजन भी भक्तिभाव के साथ संपन्न कराया जाएगा।

महोत्सव के अंतर्गत शाम को अमृत महोत्सव के विशेष सहयोगी कन्हैयालाल कोठारी परिवार का बहुमान एवं सम्मान समारोह आयोजित होगा। वहीं रात्रि 8 बजे से झाड़ोल सीनियर स्कूल मैदान में देश के प्रसिद्ध हास्य कलाकार एवं मिमिक्री कलाकार अरविंद शुक्ला एवं उनकी टीम द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा, जिसे लेकर क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह बना हुआ है।

23 मई शनिवार को 24वीं पावन वर्षगांठ एवं ध्वजा परिवर्तन समारोह आयोजित होगा। सुबह 6 बजे महा शांतिधारा होगी, जबकि सुबह 9 बजे गाजे-बाजे एवं जयकारों के साथ प्रभु का भव्य नगर भ्रमण निकाला जाएगा। दोपहर 1 बजे मंदिर शिखर पर जिनशासन की आन-बान-शान का प्रतीक भव्य ध्वजा परिवर्तन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दिन के स्वामी वात्सल्य का लाभ सुरेश कुमार, नीलेश कुमार एवं केसुलाल मालवी परिवार को प्राप्त होगा।

महोत्सव को लेकर झाड़ोल सहित आसपास के क्षेत्रों में विशेष धार्मिक उत्साह बना हुआ है। आयोजन समिति ने समाजजनों एवं धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने और पुण्य के भागीदार बनने का आह्वान किया है।

## एचिंग एवं सेरीग्राफी कार्यशाला का शुभारंभ

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा बागोर की हवेली के ग्राफिक स्टूडियो में मंगलवार से सात दिवसीय एचिंग एवं सेरीग्राफी कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के निदेशक डॉ. अश्विन एम. दलवी ने बताया कि बागोर की हवेली के ग्राफिक स्टूडियो में मंगलवार से सात दिवसीय एचिंग एवं सेरीग्राफी कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

इस कार्यशाला में सेठ मथुरादास बिनानी राजकीय महाविद्यालय (नाथद्वारा), सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, पैसिफिक कॉलेज ऑफ फाईन आर्टस से करीब 20 प्रतिभागी भाग ले रहे है। यह कार्यशाला सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक चलेगी। इस कार्यशाला के विशेषज्ञ गुजरात के दुष्यंत पटेल एवं उनके सहयोगी पलक शर्मा ने प्रतिभागियों को एचिंग एवं सेरीग्राफी के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का संचालन सिद्धांत भटनागर ने किया। इस अवसर पर दुर्गेश चांदवानी सहायक निदेशक (वित्त एवं लेखा), कार्यक्रम अधिशाषी हेमंत मेहता, अधीक्षण अभियंता सी.एल. सालवी, दीपक नवलखा, सुनील निमावत आदि उपस्थित थे।

# पुलिस मुख्यालय में प्रोबेशनर आईएएस अधिकारियों का भ्रमण, डीजीपी राजीव कुमार शर्मा के साथ हुआ विशेष संवाद

## प्रशासनिक और पुलिस समन्वय पर हुआ मंथन, साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के सीखे गुर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** पुलिस मुख्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में बुधवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रोबेशनर अधिकारियों के एक उच्च स्तरीय दल ने आधिकारिक भ्रमण किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित इस दौरे का मुख्य उद्देश्य राज्य सेवा में कदम रख रहे युवा अधिकारियों को पुलिसिंग के बुनियादी ढांचे, कानून व्यवस्था के व्यावहारिक पहलुओं और पुलिस व प्रशासन के बीच आपसी समन्वय को मजबूत करने की बारीकियों से रूबरू कराना था।





इस दौरान महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के साथ प्रोबेशनर आईएएस अधिकारियों का विशेष संवाद सत्र आयोजित हुआ, जिसमें डीजीपी शर्मा ने फील्ड में सफल प्रशासनिक नेतृत्व के लिए पुलिस और प्रशासन के बेहतर तालमेल को अपरिहार्य बताया।

महानिदेशक पुलिस स्पेशल ऑपरेशन्स आनंद कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस और प्रशासन के बीच समन्वय विषय पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक की संयुक्त भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। राज्य में सड़क सुरक्षा के वर्तमान परिदृश्य और स्थिति पर महानिदेशक पुलिस प्रशिक्षण एवं यातायात अनिल पालीवाल ने व्यावहारिक दिशा-निर्देश साझा किए तथा जिला सड़क सुरक्षा समितियों की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कार्मिक बीजू जॉर्ज जोसेफ ने स्टेट पुलिस फ्रेमवर्क विषय पर प्रस्तुतीकरण देते हुए राजस्थान पुलिस की संरचना, कार्यप्रणाली और प्रशासनिक व्यवस्था की जानकारी दी।

राजस्थान में ड्रग्स लॉ एनफोर्समेंट तथा मादक पदार्थों के नेटवर्क को ध्वस्त करने में जिला स्तर पर नार्को कोऑर्डिनेशन समिति (एनसीओआरडी) की भूमिका पर महानिरीक्षक पुलिस एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स विकास कुमार ने प्रकाश डाला। तकनीकी और समसामयिक चुनौतियों से निपटने के सत्र में उप महानिरीक्षक पुलिस साइबर क्राइम शांतनु कुमार सिंह ने प्रोबेशनर अधिकारियों को साइबर अपराध एवं डिजिटल खतरों से अवगत कराया। इस दौरान दल ने 1930 साइबर कंट्रोल रूम का प्रत्यक्ष दौरा कर ठगी के मामलों में की जाने वाली त्वरित तकनीकी कार्रवाई को भी देखा।

उप महानिरीक्षक पुलिस सिविल राइट्स श्वेता धनखड़ ने महिला, बच्चों और कमजोर वर्गों के अधिकारों एवं सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा संचालित विशेष योजनाओं की जानकारी दी।

भ्रमण कार्यक्रम के अंतिम चरण में सभी प्रोबेशनर आईएएस अधिकारियों ने जयपुर कमिश्नरेट स्थित अत्याधुनिक अभय कमांड सेंटर का अवलोकन किया। वहां जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शहर की डिजिटल निगरानी, सीसीटीवी सर्विलांस, ई-चालान और आपातकालीन रिस्पॉन्स सिस्टम की कार्यप्रणाली का सजीव प्रदर्शन कर अधिकारियों को आधुनिक स्मार्ट पुलिसिंग मॉडल से परिचित कराया।

# स्कूल शिक्षा परिवार ने आरटीई पुनर्भरण राशि के भुगतान हेतु सौपा ज्ञापन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** राजस्थान में प्राइवेट स्कूलों के सबसे बड़े संगठन स्कूल शिक्षा परिवार द्वारा जिलाध्यक्ष विक्रमसिंह राठौड़ धानसा के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर आरटीई पुनर्भरण राशि का भुगतान शीघ्र करने सहित अन्य माँगों का निस्तारण करने की माँग की।





राठौड़ ने बताया कि ज्ञापन की मुख्य माँगों के तहत आरटीई के तहत अध्ययनरत विद्यार्थियों की आरटीई पुनर्भरण राशि का भुगतान पिछले लम्बे समय से बकाया होने के कारण विद्यालयों के संचालन में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। अतः सत्र 2025-26 की दोनों किश्तों सहित पिछले सत्रों की बकाया आरटीई पुनर्भरण राशि का भुगतान जल्दी से जल्दी करावें। जिले में आरटीई के तहत दोहरे नामांकन के बच्चों का भौतिक सत्यापन होने के बावजुद भी भुगतान नही किया जा रहा है, जबकि ऐसे बच्चें गैर सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे है। उनकी बकाया आरटीई पुनर्भरण राशि का भुगतान जल्दी से जल्दी करवाने का कष्ट करावें। आरटीई के तहत पढ रहे बच्चों को अभी तक किताबों की राशि डीबीटी नही की है, जिससे अभिभावकों व स्कूलों में विवाद बढ़ रहे है। किताबों की राशि का भुगतान शीघ्र अभिभावकों के खातों में किया जावें। मुख्यमंत्री बालक / बालिका निःशुल्क शिक्षा (कक्षा 9 से 12) के तहत पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों की राशि का भुगतान पिछले कई सत्रों का बकाया है, इस राशि का भुगतान शीघ्र अभिभावकों के खातों में किया जावें। आरटीई के तहत निःशुल्क पढ रहे प्री-प्राइमरी के बच्चों का भुगतान नही मिलने से परेशानी बनी हुई है, जबकि उच्च न्यायालय द्वारा राज्य सरकार व शिक्षा विभाग को भुगतान करने के निर्देश दिए है। जिसकी पालना की जाकर 2022 से अब तक का भुगतान एक साथ किया जावें। जिले में बिना मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं की उच्च स्तरीय जाँच करवाकर आरटीई एक्ट के तहत कठोर कार्यवाही की जावें। जिले में डमी एडमिशन का कारोबार खूब चल रहा है जो कि न्यायोचित नहीं है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक के निर्देशों का खुला उल्लंघन हो रहा है। इसके लिए उच्च स्तरीय जाँच समिति बनाकर डमी एड़मिशन देने वाली संस्थाओं एवं डमी एडमिशन लेने वाली संस्थाओं की मान्यता समाप्ति की कार्यवाही की जायें। टीसी जारी करने की प्रक्रिया के तहत ₹नो ड्यूज₹ क्लीयर करवाकर टीसी जारी करने की नियमावली बनी होने के बावजुद अधिकारियों द्वारा अनावश्यक दबाव बनाया जाता है. ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जावें। वन स्कूल-वन पोर्टल की सुविधा को शुरू किया जावें ताकि एक ही सूचना को बार-बार अलग-अलग पोर्टलों पर ऑनलाईन करने में समय और ऊर्जा दोनों ही खर्च नही हो । सभी कार्य तय समय सीमा के अन्दर पूरे हो सकें एवं किसी प्रकार की त्रुटि या भिन्नता की सम्भावना भी ना रहे।

इस दौरान विक्रमसिंह राठौड़ धानसा, ललित शर्मा भीनमाल, हरिश पटेल पावली, जयन्तिलाल प्रजापत आहोर, मगनलाल जसवंतपुरा, छैलगिरी गोस्वामी रानीवाड़ा, बलवंत सारण, जबराराम बागोड़ा, जितेन्द्रसिंह भागली, नारायणसिंह तूरा, राहुलसिंह आहोर, विष्णुदत्त व्यास, कार्तिक दवे सहित जिलेभर के सैकड़ों गैर सरकारी विद्यालयों के संस्था-प्रधान मौजुद थे ।

# केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा विरोध प्रकट कर सौपा ज्ञापन



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

भीनमाल। केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष रमेश दवे एवं सचिव मूलसिंह राव के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के नाम ई फामेर्सी के विरोध में केमिस्टों ने सौंपा ज्ञापन। ई फामेर्सी एवं नकली दवाओं के कारोबार एवं अवैध दवाई बिक्री के विरोध में यहां के सम्पूर्ण मेडिकल बंद कर केमिस्ट एसोसिएशन ने तहसीलदार को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के अनुसार सम्पूर्ण देशभर में ई फामेर्सी पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए। ई फामेर्सी द्वारा बिना वेध प्रिस्क्रिप्शन ऑनलाइन के माध्यम से नशीली एवं एंटीबायोटिक दवाईयों पर रोक लगाई जाए। नकली दवा बेचने वालों पर तुरन्त कार्यवाही हो। केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष रमेश दवे ने कहा कि हमारी सरकार से अपील है कि लोगों 2के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इसके बारे में तुरन्त निर्णय ले, ताकि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से बिना डॉक्टर प्रिस्क्रिप्शन से बेची जा रही नशीली एवं एंटीबायोटिक दवाईयों के दुष्प्रभाव से लोगों को बचाया जा सके । इस दौरान केमिस्ट एसोसिएशन संरक्षक मुकेश बाफना, गुमानसिंह राव, संजीव माथुर, कमल शर्मा, धुखाराम चौधरी, चेनराज परमार, परखाराम चौधरी, हीरालाल घांची, वचनाराम पुरोहित, गेमाराम चौधरी, अमीन खान, नरेंद्रसिंह गोहिल, मदेश चौधरी, प्रदीप जाट, जावेदखान, पहलवानखान, मदन माली सहित सैकड़ों की संख्या में केमिस्ट मौजूद रहे।

## बीजिंग में आयोजित एस्पायर 2026 में पीएमसीएच की डॉ. मनीषा को फैकल्टी के रूप में आमंत्रण

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के आईवीएफ विभाग की साइंटिफिक डायरेक्टर डॉ. मनीषा वाजपेयी ने चीन की राजधानी बीजिंग में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस




एस्पायर 2026 में बतौर फैकल्टी भाग लेकर उदयपुर और राजस्थान का गौरव बढ़ाया। रीप्रोडक्टिव मेडिसिन एवं आईवीएफ क्षेत्र की इस प्रतिष्ठित कॉन्फ्रेंस में डॉ. मनीषा ने एम्ब्रियो डेवलपमेंट एवं एडवांस्ड एज कपल्स में आईवीएफ सफलता से जुड़े विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिए। उन्होंने भारतीय माइक्रोबायोम प्रोफाइल और आईवीएफ परिणामों पर आधारित अपना शोध पत्र भी प्रस्तुत किया, जिसे वैश्विक विशेषज्ञों ने सराहा। डॉ. मनीषा ने कहा कि सम्मेलन में मिली आधुनिक तकनीकों एवं अनुभवों का लाभ उदयपुर सहित आसपास क्षेत्र के दंपत्तियों को मिलेगा। इस उपलब्धि पर पीएमसीएच चेयरमेन राहुल अग्रवाल सहित संस्थान के वरिष्ठ चिकित्सकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## कनिष्का कुमावत और आयुष चौधरी भारतीय टीम के साथ करेंगे देश का प्रतिनिधित्व

# मेवाड़ का गौरव : उदयपुर के दो कयाकर्स कैनो मैराथन वर्ल्ड कप 2026 के लिए चीन रवाना

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** झीलों की नगरी उदयपुर के लिए गौरव का क्षण है। शहर के दो उभरते कयाकिंग खिलाड़ी कनिष्का कुमावत एवं आयुष चौधरी का अंतरराष्ट्रीय कैनो फेडरेशन द्वारा चीन के बझोंग में आयोजित कैनो मैराथन वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है। दोनों खिलाड़ी 20 मई को दिल्ली से भारतीय दल के साथ चीन के लिए रवाना हुए।






राजस्थान कायकिंग एवं कैनोइंग संघ के सचिव दिलीप सिंह चौहान ने बताया कि कनिष्का कुमावत पुत्री प्रमोद कुमावत तथा आयुष चौधरी पुत्र ललित चौधरी ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। उदयपुर से दिल्ली रवाना होने से पूर्व संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरामानी एवं श्री जी हुजूर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

संघ के चेयरमैन चंद्र गुप्त सिंह चौहान ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और संघ की वर्षों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि उदयपुर में वॉटर स्पोर्ट्स की सुविधाओं और संसाधनों का अभी भी अभाव है। यदि यहां आधुनिक वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी स्थापित की जाए तो भविष्य में और अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

संघ के अध्यक्ष भगवान स्वरूप वैष्णव ने इसे उदयपुर के खेल इतिहास की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि एक ही शहर से दो खिलाड़ियों का वर्ल्ड कप टीम में चयन होना पूरे मेवाड़ के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि उदयपुर के खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी पहचान बना रहे हैं।

दिलीप सिंह चौहान ने खेल के विकास एवं खिलाड़ियों को सहयोग प्रदान करने के लिए पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरामानी, डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, महारानी साहिबा, सिंघल फाउंडेशन के अरविंद सिंघल, पेसिफिक समूह के राहुल अग्रवाल, झील संरक्षण समिति के तेजशंकर पालीवाल एवं नंद किशोर शर्मा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन सभी के सहयोग से प्रशिक्षण केंद्र को निरंतर मजबूती मिल रही है तथा खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ रहा है।

कनिष्का कुमावत और आयुष चौधरी ने अपनी इस सफलता का श्रेय संघ के पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं साथी खिलाड़ियों को दिया। दोनों खिलाड़ियों ने विशेष रूप से संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरामानी, डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ एवं महारानी साहिबा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से खिलाड़ियों को नौकाएं एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आवश्यक सहायता प्राप्त हुई।

संघ के दीपक गुप्ता ने बताया कि खिलाड़ियों के रवाना होने से पूर्व संघ के पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अध्यक्ष भगवान स्वरूप वैष्णव, सचिव दिलीप सिंह चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. महावीर परिहार, महेश पिम्पलकर, कोषाध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र सिंह चौहान, डिसीप्लेन चेयरमैन अजय अग्रवाल, पियूष कच्छवाहा, तुषार मेहता, कमलेश हाथी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

दोनों खिलाड़ियों के चयन से उदयपुर के खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। सभी को उम्मीद है कि ये खिलाड़ी कैनो मैराथन वर्ल्ड कप 2026 में शानदार प्रदर्शन कर देश और मेवाड़ का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे।

## वरड़ा स्कूल में अनुगुच्छतु प्रवाह शिविर का शुभारंभ

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वरड़ा में अनुगुच्छतु प्रवाह समाज सेवा शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को राष्ट्रसेवा, स्वदेशी अपनाने एवं जागरूक नागरिक बनने का संदेश दिया गया।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दूल्हे सिंह देवड़ा एवं निर्भय सिंह देवड़ा ने विद्यार्थियों से संवाद किया। वहीं सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर संदीप राठौड़ ने ह्वोकल फॉर लोकलह्व, स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, ईंधन बचत एवं सार्वजनिक परिवहन अपनाने पर जोर दिया। प्राचार्य संदीप आमेटा एवं शिविर संयोजक हेमंत जोशी ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक जागरूकता को लेकर शिविर की जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## छोटी उम्र में बड़ा कमाल, इनाया बनीं रोबोफेस्ट वर्ल्ड चैंपियन

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** 14 वर्षीय इनाया खान ने अमेरिका में आयोजित रोबोफेस्ट वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 में जूनियर बिल्डिंग ब्रिजेज श्रेणी में प्रथम स्थान हासिल कर विश्व विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता मिशिगन स्थित लॉरेंस टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी में आयोजित हुई। इनाया ने घाना का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी टीम का नेतृत्व किया और बेहतरीन तकनीकी कौशल व नवाचार क्षमता के दम पर कई देशों की टीमों को पीछे छोड़ा। शकील खान ने बताया कि इनाया खान महिला अधिकारिता विभाग एवं बाल विकास विभाग जयपुर की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की ब्रांड एम्बेसेडर भी हैं। इनाया की इस उपलब्धि को भारत और घाना दोनों देशों के लिए गौरवपूर्ण माना जा रहा है।



## खबर संक्षेप

**आबकारी आयुक्त ने जारी किए आदेश**

### विशेष निरोधात्मक अभियान 31 मई तक बढ़ाया

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने आदेश जारी कर प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए जारी विशेष निरोधात्मक अभियान की अवधि को 31 मई 2026 तक बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व विभागीय समीक्षा वीसी में भी उक्त अभियान को जारी रखने के निर्देश दिए थे। आबकारी आयुक्त मेहता ने विशेष निरोधात्मक अभियान के संबंध में समस्त अधिकारियों को टीमवर्क से सकारात्मक परिणाम प्राप्त करने एवं संबंधित क्षेत्र में पुलिस विभाग से आवश्यकतानुसार समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए।

### कलमप्रिया संस्थान ने लिया 250 परींडे लगाने का संकल्प

जयपुर @ पदमावत मीडिया। कलमप्रिया संस्थान की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन कमलेश चौधरी के भवन में हुआ। कार्यक्रम



का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ तथा संचालन पवनेश्वरी वर्मा ने किया। गोष्ठी में उमा शर्मा, मंजु कपूर, मीनू अग्निहोत्री, सुमन पहाड़िया, प्रियंका पुरोहित सहित कई साहित्यकारों ने प्रभावशाली काव्य पाठ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में साहित्यिक गतिविधियों के साथ सामाजिक सरोकारों पर भी जोर दिया गया। संस्थान की अध्यक्षा शशि सक्सैना ने पक्षियों के लिए परींडे वितरित करते हुए भीषण गर्मी में जल व्यवस्था सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विभिन्न स्थानों पर लगभग 250 परींडे लगाने का संकल्प लिया गया।

### राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। रोटरी क्लब यूवा उदयपुर के तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय परिसर में प्रस्तावित हॉल निर्माण हेतु बुधवार को प्रातः10 बजे भूमि पूजन कार्यक्रम वैदिक



मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीडीजी रोटेरियन निर्मल कुणावत रहे। इस अवसर पर उपनिरीक्षक, संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी कार्यालय, उदयपुर संभाग राम मोहन शर्मा तथा विद्यालय के प्राचार्य खेमचंद जैन विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब प्रेसिडेंट शेखर टांक द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुआ।

इसके पश्चात ऋषभ जैन ने विद्यालय में किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए नवीन हॉल की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उपनिरीक्षक राम मोहन शर्मा एवं विद्यालय प्राचार्य खेमचंद जैन ने अपने उद्बोधन में इस पहल की सराहना की। मुख्य अतिथि निर्मल कुणावत ने अपने संबोधन में इस पुण्य कार्य के लिए क्लब एवं विद्यालय परिवार को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि जब कोई कार्य शुभ भाव से प्रारंभ किया जाता है, तो प्रकृति स्वयं उसे पूर्ण कराने में सहयोग करती है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे जनोपयोगी प्रकल्पों के माध्यम से समाजसेवा के लिए क्लब को प्रेरित किया।

तत्पश्चात उनके करकमलों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। यह प्रस्तावित हॉल निर्माण कार्य विद्यालय के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। कार्यक्रम में क्लब सदस्य अंशिता अरोडा, रक्षा भंडारी, सौरभ जैन, शाश्वत पंचोली, दिव्यांशी भट्ट, संगीता शर्मा, वर्तमान सह प्रांतपाल यश कुणावत, विद्यालय स्टाफ नीलम गोस्वामी, हरी मैनाली, रीना जैन, हेमलता चेचानी, उषा शर्मा, एस डी एम सी सदस्य नारायण कुमावत एवं अन्य गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन प्रोजेक्ट चेयर पीयूष दशोरा ने करते हुए विद्यालय एवं क्लब के मध्य समन्वय की भूमिका निभाई। अंत में क्लब सेक्रेटरी दक्षिता ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

---

**डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने ली अपराध समीक्षा बैठक**

# कानून-व्यवस्था, सड़क सुरक्षा और साइबर अपराध नियंत्रण को लेकर दिए सख्त निर्देश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रदेशभर के रेंज आईजी, पुलिस आयुक्तों एवं जिला पुलिस अधीक्षकों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित हुई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में कानून-व्यवस्था, संगठित अपराध, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अवैध खनन, बजरी परिवहन एवं भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ड्रग्स तस्करी के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाने, पुलिस की फील्ड विजिबिलिटी बढ़ाने एवं सतर्कता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आगामी तीन माह में अधिकारियों के स्तर पर एक वर्ष से अधिक लंबित कोई भी प्रकरण शेष नहीं रहना चाहिए। साथ ही झूठे मुकदमों के विरुद्ध भी प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

#### गैंगस्टर्स और संगठित अपराध पर विशेष फोकस

बैठक में राजस्थान पुलिस की प्राथमिकताओं के आधार पर संगठित अपराध, गैंगस्टर्स के विरुद्ध चल रही कार्रवाई तथा गंभीर आपराधिक प्रकरणों की समीक्षा की गई। डीजीपी ने प्रभावित जिलों के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर फोकस्ड



कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आपराधिक गतिविधियों से अर्जित संपत्तियों की कुर्की और जब्ती की समीक्षा करते हुए उन्होंने इस दिशा में और अधिक प्रभावी कार्रवाई करने पर जोर दिया। इसके साथ ही नवीन आपराधिक कानूनों में सूचना एवं संचार तकनीक के उपयोग, ई-सम्मन एवं वारंट की तामील तथा ऑनलाइन एफआईआर व्यवस्था की भी समीक्षा की गई।

#### केस ऑफिसर स्कीम में लिए जाएं महत्वपूर्ण प्रकरण

डीजीपी ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि महत्वपूर्ण मामलों को केस ऑफिसर स्कीम में शामिल कर गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में रेंजवार एरिया डोमिनेशन अभियान एवं मालखानों में जब्त सामान के निस्तारण की भी समीक्षा की गई।



#### सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने पर दिया जोर

बैठक में सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन को भी प्रमुखता से लिया गया। भीलवाड़ा और उदयपुर क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं में अधिक मृत्यु दर पर चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित जिला पुलिस अधीक्षकों को विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए।

डीजीपी ने हाईवे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हेलमेट के अनिवार्य उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक सप्ताह दो दिन विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने इंटरसेप्टर एवं ब्रेथ एनालाइजर के अधिकतम उपयोग के माध्यम से प्रभावी चेकिंग सुनिश्चित करने को कहा।

साथ ही पुलिसकर्मियों द्वारा बिना हेलमेट दोपहिया वाहन संचालन पर रोक लगाने के लिए पुलिस लाइन एवं कार्यालय परिसरों में विशेष व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए।

#### साइबर अपराध नियंत्रण पर विशेष निगरानी

बैठक में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं बेहतर अनुसंधान पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई गई। साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर प्राप्त, निस्तारित एवं लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए।

डीजीपी ने कहा कि पुलिस थानों पर आने वाले परिवादियों को ऑनलाइन परिवाद दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि उन्हें अपने प्रकरण पर की जा रही कार्रवाई की नियमित जानकारी मिल सके और समीक्षा प्रक्रिया भी अधिक प्रभावी बन सके।

#### महिला सुरक्षा और पुलिस सुविधाओं की समीक्षा

बैठक में महिला सुरक्षा गतिविधियों के प्रभावी संचालन, एसडीआरएफ की सतर्क कार्यप्रणाली, जन सूचना रजिस्टर के संधारण, अभय कमांड सेंटर से जुड़े कैमरों की स्थिति, निजी कैमरों के एकीकरण, पुलिस थानों में महिला कर्मियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं एवं पुलिस लाइन परिसरों में सामुदायिक सुविधाओं के उन्नयन की भी समीक्षा की गई। बैठक में डीजी ट्रैफिक एवं ट्रेनिंग अनिल पालीवाल, डीजी एसओजी आनंद श्रीवास्तव, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर वी.के. सिंह, एडीजी क्राइम बिपीन कुमार पांडे, एडीजी पीएम एंड डब्ल्यू डॉ. प्रशाखा माथुर, एडीजी कार्मिक बीजू जॉर्ज जोसफ, एडीजी सिविल राइट्स लता मनोज कुमार सहित पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

---

## भीषण गर्मी में पेयजल संकट गहराया, दो दिन से जलापूर्ति ठप

**जनता जल योजना कर्मचारियों की हड़ताल से ग्रामीणों में आक्रोश, पेयजल के लिए भटकने को मजबूर लोग**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयसमंद ।** विश्व प्रसिद्ध जयसमंद झील से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट गहरा गया है। जनता जल योजना के कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से पिछले दो दिनों से पेयजल सप्लाई पूरी तरह बाधित पड़ी हुई है। जलापूर्ति बंद होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है और लोग पेयजल के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार जनता जल योजना के कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जयपुर में धरना-प्रदर्शन में शामिल होने गए हुए हैं। कर्मचारियों के अचानक हड़ताल पर चले जाने से क्षेत्र की जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो गई। ग्रामीणों द्वारा संबंधित कर्मचारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन रिसीव नहीं होने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई।

पेयजल सप्लाई बाधित होने के कारण मंगलवार और बुधवार को जयसमंद कस्बे सहित वीरपुरा,



घाटातलाई, हारातलाई, कंतोड़ा, गातोड़, कल्लाजी मंगरी एवं नाला फला गांवों में जलापूर्ति नहीं हो सकी। गर्मी के इस भीषण दौर में पानी की कमी से आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी भीषण गर्मी में पेयजल सप्लाई बंद होना बेहद गंभीर मामला है। प्रशासन और संबंधित विभाग को पहले से वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए थी ताकि आमजन को परेशानी

> **इनका कहना है**
>
> पीएचईडी विभाग जयसमंद-सराड़ा के एईएन ने बताया कि मामला उनकी जानकारी में आया है। जनता जल योजना के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर जयपुर गए हुए हैं। विभाग द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है तथा गुरुवार तक पेयजल सप्लाई सुचारु कर दी जाएगी।

का सामना न करना पड़े। लोगों ने आरोप लगाया कि जनता को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है और जिम्मेदार अधिकारी स्थिति को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं।

पानी की किल्लत के चलते महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज क्षेत्रों से पानी लाना पड़ रहा है। वहीं पशुपालकों की परेशानियां भी बढ़ गई हैं। मवेशियों के लिए पानी उपलब्ध नहीं होने से पशुधन पर भी संकट गहराने लगा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के लिए हाहाकार जैसी स्थिति बनी हुई है।

## बाल संस्कार शिविर में गीता अध्ययन और जीवन मूल्यों पर जोर



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** सनातन पाठशाला उदयपुर के सप्त दिवसीय बाल संस्कार शिविर के द्वितीय दिवस पर बच्चों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्रभक्ति से जोड़ने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। वैदिक पुरोहित भूपेंद्र शर्मा ने यज्ञ प्रशिक्षण के दौरान श्रेष्ठ मानव बनने की प्रेरणा दी। योगाचार्य प्रीतम सिंह चुंडावत ने योग एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। संस्कृत भारती के कुलदीप जोशी ने बच्चों को संस्कृत संवाद सिखाया, जबकि आचार्य त्रिभुवन व्यास ने देशभक्ति गीतों का अभ्यास करवाया। अपना घर आश्रम के अध्यक्ष गोपाल कनेरिया ने बच्चों को गीता अध्ययन एवं उसके आदर्श जीवन में अपनाने का संदेश दिया। पाइन वर्ल्ड स्कूल सेक्टर-5 में आयोजित शिविर में 35 प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे हैं। शिविर का उद्देश्य बच्चों को संस्कारवान एवं राष्ट्रभक्त बनाना है।

---

## न्यूट्रिशनिस्ट डॉ. खुशबू शारदा ने विद्यार्थियों को बताए स्वस्थ जीवन के सूत्र





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** पाहेर विश्वविद्यालय के योगिक साइंस विभाग द्वारा स्वास्थ्य एवं संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से द योगिक थाली विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध न्यूट्रिशनिस्ट डॉ. खुशबू शारदा ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को योगिक आहार, संतुलित भोजन और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि स्वागत के साथ हुआ। विभागाध्यक्ष डॉ. टी. पी. अमेटा ने उपरना ओढ़ाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। आयोजन सचिव डॉ. शुभा सुराना ने कहा कि वर्तमान समय में अनियमित खान-पान और तनावपूर्ण जीवनशैली के कारण शारीरिक एवं मानसिक समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में योगिक आहार और संतुलित भोजन की अवधारणा लोगों को स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित कर सकती है। उन्होंने कहा कि योग केवल आसनों तक सीमित नहीं है, बल्कि उचित आहार, विचार और दिनचर्या भी योग का महत्वपूर्ण अंग हैं। मुख्य वक्ता डॉ. खुशबू शारदा ने द योगिक थाली की अवधारणा को सरल एवं व्यावहारिक रूप में समझाते हुए कहा कि संतुलित भोजन शरीर, मन और आत्मा तीनों को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि योगिक थाली में सात्विक भोजन को प्रमुखता दी जाती है, जिसमें ताजे फल, हरी सब्जियां, साबुत अनाज, दालें, अंकुरित अनाज, सूखे मेवे और पर्याप्त मात्रा में जल शामिल होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को जंक फूड, अत्यधिक तैलीय एवं प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि योगिक भोजन केवल पेट भरने का माध्यम नहीं, बल्कि शरीर को ऊर्जा प्रदान करने और मन को शांत रखने का साधन भी है। भोजन को सही समय पर, शांत वातावरण में और सकारात्मक भाव से ग्रहण करना चाहिए। भोजन करते समय मोबाइल फोन, टेलीविजन अथवा अन्य विकर्षणों से दूर रहने से पाचन बेहतर होता है और मानसिक शांति बनी रहती है।

व्याख्यान के दौरान डॉ. शारदा ने बताया कि वर्तमान समय में मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और तनाव जैसी समस्याओं का प्रमुख कारण असंतुलित आहार और निष्क्रिय जीवनशैली है। यदि व्यक्ति योगिक जीवनशैली अपनाए और संतुलित भोजन करे, तो इन समस्याओं से काफी हद तक बचा जा सकता है। उन्होंने ईट राइट, लिव हेल्दी का संदेश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. जसवंत मेनारिया ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के व्याख्यान अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि योगिक साइंस विभाग समय-समय पर स्वास्थ्य, योग, पोषण एवं मानसिक संतुलन से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता रहता है, जिससे विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त होता है। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षकों, शोधार्थियों एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने पोषण, डाइट प्लान और योगिक आहार से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. खुशबू शारदा ने विस्तारपूर्वक उत्तर दिया। कार्यक्रम का वातावरण ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा।

## जुजार मालदेव सोलंकी व सती माता का दाशवां ध्वजारोहण मनाया

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

भीनमाल । शहर के महावीर चौराहे स्थित सोलंकी राजपुत परिवार द्वारा जुजार मालदेव सोलंकी व सती माता का दशवां ध्वजारोहण समारोह मनाया गया । पंडित नरोत्तमलाल त्रिवेदी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मन्दिर के शिखर पर अभिजित मुहूर्त में गाजे बाजे व धूमधाम से ध्वजा चढ़ाई गई । इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा जयकारो के गूँज से माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर पूजा अर्चना व आरती की गई। वार्षिकोत्सव के तहत सुबह



से ही मंदिर में भक्तों का ताता लगा रहा। हरिसिंह सोलंकी ने जुझार मालदेव सोलंकी के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जुजार मालदेव सोलंकी एवं सती माता के दशवां ध्वजारोहण ( वर्षगांठ) मनाई गई ।

कार्यक्रम में जबरसिंह सोलंकी लेदरमेर, हरिसिंह, जीवसिंह, सुरमसिंह,



पेपसिंह, कालूसिंह, ईश्वरसिंह, छैलसिंह, विजयसिंह, नरेन्द्रसिंह, डूंगरसिंह, महेंद्रसिंह, दिलवरसिंह, रामसिंह, जनकसिंह, रेवतसिंह, कुलदीपसिंह, राजपालसिंह, रमेश माली, आसाराम माली, मुकेश महेश्वरी, जबराराम सुथार, गोविंद सेवग, अबुखां, बगदेखाँ, सूजेखाँ मीरासी सहित कई शहरवासी उपस्थित रहे।

## व्यक्तित्व विकास एवं संस्कार शिविर में सिखाई जीवन जीने की कला

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** अणदेश्वर वाटिका सोनी समाज भवन मोदरान में मंगलवार को योग शिक्षक मानाराम चौधरी एवं योगगुरू पंडित जितेन्द्र शुक्ला द्वारा योग व्यायाम का प्रशिक्षण दिया गया। विभिन्न योग एवं प्राणायाम के सही तरीके बताये एवं इनके लाभ से भी अवगत करवाया। प्रातःकालीन सत्र में प्रातः स्मरण मंत्र का पठन शिक्षक नितिन ठाकुर द्वारा करवाया गया, सत्र में व्यायाम करवाकर इसके लाभ बताये। प्रथम सत्र में संस्कारयुक्त जीवन निर्माण विषय पर महामंडलेश्वर रविशरणानंदगिरी महाराज द्वारा उद्बोधन हुआ ।जिसमें बताया गया कि संस्कार ही जीवन हैं। घर परिवार अथवा समाज में संस्कारित सदस्य हैं तो वो परिवार घर और समाज हमेशा



सृमद्धशाली बनेगा, बाल्यकाल से ही संस्कारों नींव रखेंगे तो ही परिणाम मिलेगा, शिविर का मुख्य उद्देश्य भी यही हैं। शिविर प्रबंधक रमेश सोनी पुनासा ने बताया कि शिविर में दो सौ से अधिक विद्यार्थियों का प्रशिक्षण जारी हैं। द्वितीय सत्र में वक्ता भजनलाल विश्नोई प्रधानाचार्य ने बताया कि वर्तमान समय मे सोशलमीडिया का उपयोग बहुतायत में हो रहा हैं, छोटे बच्चे भी मोबाईल के द्वारा इंटरनेट में पूरे दिन खोये रहते हैं । जिसका बच्चों पर दुष्प्रभाव बढ़ गया हैं जो चिन्ता का विषय हैं। बच्चे मानसिक एवं शारिरिक तौर पर कमजोर




होते जा रहे हैं। अभिभावकों को विशेष ध्यान देकर इसका उपयोग सीमित करना होगा । शिविर मे मोबाईल से दूर रखने के निर्णय की सराहना की एवं कहा कि ऐसे प्रयोग अभिभावकों को अपने घरों मे भी करने चाहिए। तृतीय सत्र में डॉ भरत सुथार ने आहार विहार एवं आयुर्वेद विषय पर उद्बोधन देते हुए बताया कि जीवन में आहार विहार का ध्यान रखना बेहद आवश्यक हो गया हैं। आजकल बच्चे नहीं खाने की चीजे जैसे जंकफूड, तली हुई चीजे आदि ज्यादा खाते हैं। इसका दुष्प्रभाव बीमारियों के रूप मे पड़ रहा हैं ।

## खबर संक्षेप

### नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्रवाई

## 14 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 9 केन्टर सामान जब्त

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** नगर निगम जयपुर आयुक्त श्री ओम कसेरा के निर्देशानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में बुधवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में सब्जीमण्डी झोटवाड़ा पुलिया के नीचे, खातीपुरा रोड़, पंचायत समिति से कालवाड़ रोड़ 200 फीट, जंगलेष्वर महादेव मंदिर कलेक्ट्रेट गेट नं. 01, कांति नगर हाथी बाबू का हत्था पोलोविक्ट्री के सामने, सिंधी केम्प, जोबनेर बाग पारीक कॉलेज रोड, संजय सर्किल, चांदपोल बाजार, श्री गोपीनाथ जी मंदिर, जोरावर सिंह गेट, बांसबदनपुरा, गुलजार कॉलोनी गवर्नमेंट स्कूल ईदगाह पाडा मंडी दिल्ली बाईपास रोड तक अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्व 14 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 9 केन्टर सामान जब्त किया गया।

उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में सब्जीमण्डी झोटवाड़ा पुलिया के नीचे, खातीपुरा रोड़, पंचायत समिति से कालवाड़ रोड़ 200 फीट, जंगलेष्वर महादेव मंदिर कलेक्ट्रेट गेट नं. 01, कांति नगर हाथी बाबू का हत्था पोलोविक्ट्री के सामने, सिंधी केम्प, जोबनेर बाग पारीक कॉलेज रोड, संजय सर्किल, चांदपोल बाजार, श्री गोपीनाथ जी मंदिर, जोरावर सिंह गेट, बांसबदनपुरा, गुलजार कॉलोनी गवर्नमेंट स्कूल ईदगाह पाडा मंडी दिल्ली बाईपास रोड तक अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 9 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 14 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

## राजस्थान के शिक्षा नवाचारों पर नीति आयोग ने लगाई मोहर

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में किए गए स्वास्थ्य निगरानी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित नवाचारों को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान मिली है। नीति आयोग ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट ह्यस्कूल एजुकेशन सिस्टम इन इंडिया-टेम्पोरल एनालिसिस एण्ड पॉलिसी रौडमेप फॉर क्वालिटी इन्हेंसमेंटह्ण में राजस्थान के ह्यशाला स्वास्थ्य परीक्षण अभियानह्ण एवं मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान के एआई आधारित मूल्यांकन प्रणाली को ह्यगुड स्टेट प्रैक्टिसेजह्ण के रूप में उल्लेखित किया गया है।

नीति आयोग ने इस रिपोर्ट में राजस्थान द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण, फिटनेस एवं स्वास्थ्य निगरानी के लिए विकसित तकनीक आधारित मॉडल की सराहना की है। रिपोर्ट के अनुसार राज्य में 75 लाख से अधिक विद्यार्थियों की 70 से अधिक स्वास्थ्य मानकों पर स्क्रीनिंग की गई। इसके तहत विद्यार्थियों की दृष्टि, श्रवण क्षमता, पोषण स्तर, दंत स्वास्थ्य व शारीरिक फिटनेस सहित विभिन्न पहलुओं की जांच एवं मोबाइल ऐप आधारित फॉलो-अप प्रणाली विकसित की गई। नीति आयोग ने इस नवाचार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप शिक्षा प्रणाली में स्वास्थ्य एवं पोषण को अहम हिस्सा बनाने की दिशा में प्रभावी कदम बताया है। नीति आयोग ने रिपोर्ट में मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान के ओसीआर तकनीक व एआई आधारित मूल्यांकन प्रणाली की भी सराहना की है। रिपोर्ट के अनुसार इस मूल्यांकन प्रणाली के जरिए 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को ह्यलर्निंग पॉवर्टीह्ण से बाहर निकालने में मदद मिली तथा अधिगम स्तर में 8-10 प्रतिशत वार्षिक सुधार दर्ज हुआ। वहीं, राजस्थान परख रिपोर्ट 2024 में राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन करते हुए देश के शीर्ष 10 राज्यों में शामिल रहा। इसमें टोंक जिले में संचालित पढ़ाई विद एआई कार्यक्रम का भी उल्लेख किया गया है, जिसके माध्यम से गणित सहित विभिन्न विषयों में विद्यार्थियों के परिणाम में प्रभावी सुधार बताया गया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान का शिक्षा क्षेत्र देशभर में नवाचारों आधारित उत्कृष्ट पाठशाला के रूप में उभर रहा है। नीति आयोग द्वारा इस रिपोर्ट में प्रदेश के शिक्षा, स्वास्थ्य और तकनीक के समन्वित उपयोग आधारित नवाचारों की सराहना को अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय माना जा सकता है।

### वीरपुरा में श्री गातोड़ जी गौशाला शुभारंभ को लेकर तैयारियां तेज

# 24 मई को सजेगी भजनों की भव्य शाम अंतरराष्ट्रीय गौभक्त डॉ. ओम मुंडेल देंगे प्रस्तुतियां

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**जयसमंद।** वीरपुरा स्थित प्रसिद्ध लोकदेवता एवं गायों के रक्षक श्री गातोड़ जी मंदिर के समीप श्री गातोड़ जी गौ सेवा संस्थान द्वारा निर्मित नवनिर्मित श्री गातोड़ जी गौशाला का चार दिवसीय भव्य शुभारंभ समारोह 22 मई से प्रारंभ होगा। इस पावन अवसर पर 24 मई को एक शाम गौ माता के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों गौभक्त भाग लेकर भक्ति रस का आनंद लेंगे। आयोजन को लेकर गौ सेवा संस्थान के कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं।

मीडिया प्रभारी **पवन जैन पदमावत** ने बताया कि गौशाला का यह शुभारंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि गौ संरक्षण, गौ सेवा और सनातन संस्कृति के संवर्धन का महाअभियान है। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में गौ सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजन में राजस्थान सहित महाराष्ट्र, गुजरात एवं मध्यप्रदेश से भी बड़ी संख्या में गौभक्त और श्रद्धालु पहुंचेंगे।

कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार 22 मई को प्रातः 9 बजे मुंबई से वीरपुरा तक भव्य गोभक्त रैली निकाली जाएगी। 23 मई को प्रातः 9 बजे से पंडित कैलाशजी आमेटा के सान्निध्य में 5 कुण्डीय नवचंडी पाठ प्रारंभ होगा। 24 मई को प्रातः 9 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा सायं 4 बजे से महाप्रसादी एवं विशाल भक्ति संध्या का आयोजन होगा। वहीं 25 मई को दोपहर 12:30 बजे नवचंडी पाठ की पूर्णाहुति, दोपहर 1 बजे गौमाता का गौशाला में प्रवेश एवं 1:15 बजे गातोड़जी बावजी के नए मंदिर का शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके पश्चात महाप्रसाद का आयोजन रहेगा।

गौशाला सेवा समिति के कार्यकर्ता भोपाजी रमेश सुथार ने बताया कि 24 मई को आयोजित भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायक एवं अंतरराष्ट्रीय गौभक्त डॉ. ओम मुंडेल अपनी भजनों की प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगे। उनके साथ ईश्वर सिंह परमार राजसमंद, शंकरपुरी करावली एवं जसराज जैन भी भक्ति रस की प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना एवं गौ पूजन के साथ रात्रि 8 बजे होगी। भजन संध्या के माध्यम से गौ सेवा, गौ संरक्षण और सनातन संस्कृति के महत्व का संदेश दिया जाएगा।

समारोह में मेवाड़ के महाराजा डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, पूर्व सांसद अर्जुनलाल मीणा, पूर्व सांसद रघुवीर सिंह मीणा, सांसद मन्नालाल रावत, सलूम्बर विधायक शांता देवी, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, जिला कलक्टर मोहम्मद जुनेद पीपी, पुलिस अधीक्षक विश्नाराम बिश्नोई, एसडीएम आकांक्षा दुबे, डिप्टी चांदमल सिंगारिया, तहसीलदार आस्थारानी बामनिया, नायब तहसीलदार तुलसीराम मीणा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम में विभिन्न संत-महात्माओं का भी सान्निध्य प्राप्त होगा। इनमें दंडीस्वामी अवधेशचेतन्य ब्रह्मचारी महाराज, महंत परशुरामगिरीजी महाराज, महामंडलेश्वर हितेश्वरानंदजी महाराज, मोहनजी भोपाजी गातोड़जी मंदिर वीरपुरा धाम, कैलाशपुरीजी महाराज, देवदत्तगिरीजी महाराज, मुनिरामदासजी महाराज, योगी प्रकाशनाथजी महाराज, फलहारी महाराज पन्नालालजी एवं शिवानंदगिरीजी महाराज सहित कई संत शामिल होंगे।

समिति द्वारा बताया गया कि गौशाला का मुख्य उद्देश्य बेसहारा एवं बीमार गौवंश को सुरक्षित आश्रय, उपचार और संरक्षण उपलब्ध कराना है। गौशाला में टीन शेड, चारा भंडारण एवं पेयजल जैसी आधुनिक सुविधाओं की भी व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के दौरान भव्य गौ रैली, गौ पूजा आरती, विशाल भंडारा एवं गौशाला निर्माण में सहयोग देने वाले भामाशाहों का सम्मान भी किया जाएगा।

आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमियों एवं गौभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर गौ सेवा के इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने की अपील की है।

## योग दिवस के प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com






**उदयपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2026 के योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास बुधवार को शोभागपुरा स्थित समग्रम इको पिरामिड में आयोजित किया गया। जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में 70 से अधिक योग प्रेमियों ने भाग लेकर योग, आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। प्रातः 6:15 बजे से 9 बजे तक चले इस आयोजन में प्रतिभागियों ने प्रकृति के पंच तत्वों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए योग साधना का अनुभव लिया। परिसर में निर्मित विशेष स्वीमिंग पूल में जल योग का अलग सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें जल में विभिन्न आसनों के साथ शवासन का अभ्यास कराया गया।

सहायक निदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ. भानु कुमार जैन ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत 50 दिवसीय काउंटडाउन कार्यक्रम शुरू हुआ तथा यह आयोजन बुधवार को 32 दिन शेष रहने पर किया गया। उन्होंने बताया कि 21 जून तक जिले के विभिन्न ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों पर योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास निरंतर आयोजित किया जाएगा।

योग समन्वयक एवं सहायक नोडल अधिकारी डॉ. शोभालाल औदीच्य ने कहा कि जन-जन को योग से जोड़कर स्वस्थ समाज का निर्माण करना ही इस अभियान का उद्देश्य है। योग एवं प्राकृतिक चिकित्साधिकारी डॉ. विक्रम खराड़ी ने बताया कि इस वर्ष योग दिवस की थीम ह्लस्वास्थ्य, ज्ञान और विश्व शांति के लिए योगह्व रखी गई है।

कार्यक्रम में डॉ. संजय माहेश्वरी के निर्देशन में योगी अशोक जैन एवं योगाचार्य पूरण सिंह राठौड़ ने ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, सेतुबंध आसन, उष्ट्रासन, शवासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, शीतली एवं भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास करवाया।समग्रम संस्थान के संस्थापक एवं भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. एन.सी. जैन ने आध्यात्मिक संगीतमय वातावरण में ध्यान सत्र का संचालन किया। उन्होंने बताया कि समग्रम इको पिरामिड को पंचतत्व संतुलन चिकित्सा के उद्देश्य से विकसित किया गया है।

कार्यक्रम में योग एवं प्राकृतिक महाविद्यालय, पतंजलि योग समिति, परिवार क्रीड़ा भारती, पाहेर विश्वविद्यालय, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन, स्वास्थ्य सेतु, विप्र फाउंडेशन, सुकृपा फाउंडेशन, प्रणव योग एवं आयुर्वेद सेंटर, ओसवाल सभा, ओसवाल युवक परिषद, आरोग्य विहार धाम एवं मांझी का मंदिर सेवा संस्थान सहित विभिन्न संगठनों की सहभागिता रही। इस अवसर पर नरेश पालीवाल, जी.एल. चित्तारा, मनोहर सिंह राठौड़, एच.पी. जिंदल, मदनलाल सिंघवी, विमला सिंह, महेंद्र शर्मा, दलपत बातरा, सरला जोशी, युवांश सिंह, मैना जैन सहित अनेक योग साधक उपस्थित रहे।

## अन्य राज्य की अवैध शराब की एक और बड़ी खेप पकड़ी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को दौसा में आबकारी निरोधक दल की बड़ी कार्रवाई में 1460 पेटी में 35 हजार 40 बीयर केन अनुमानित 50 लाख रूपए की अवैध शराब फोर सेल इन पंजाब ओनली, दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे पर अलूदा रेस्ट एरिया के पास नाकाबंदी कर एक 10 चक्का ट्रक से बरामद की गई है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व उदयपुर, कोटा, जोधपुर, हनुमानगढ़, जालौर में बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों रूपए की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की गई है साथ ही कई गिरफ्तार हुए है इससे अवैध शराब के धंधे में लिप्त तस्करों में हड़कंप की स्थिति है। प्रदेश में अवैध मदिरा पर जारी कार्रवाई से मदिरा के इन्टर स्टेट अवैध परिवहन पर रोक लगी है जिससे राजस्व क्षति पर भी अंकुश लगेगा। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत अवैध शराब के विरूद्ध अभियान के क्रम में बुधवार को मुखबिर की पुख्ता सूचना पर दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे पर अलूदा रेस्ट एरिया के पास नाकाबंदी कर एक 10 चक्का ट्रक की तलाशी लेने पर फोर सेल इन पंजाब बीयर की बड़ी खेप बरामद की गई। कार्रवाई में 780 पेटी में 18720 बीयर केन 500 एमएल टुबोर्ग ब्रांड, 680 पेटी में 16320 बीयर केन 500 एमएल किंगफिशर ब्रांड सहित कुल 1460 पेटी में 35 हजार 40 बीयर केन बरामद किए गए।

## ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत बड़ी कार्रवाई, एनडीपीएस एक्ट में वांछित इनामी आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय उदयपुर के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत थाना कानोड़ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में वांछित एक इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज के निर्देशानुसार वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा श्रीमती अंजना सुखवाल तथा वृत्ताधिकारी वल्लभनगर श्री राजेंद्र सिंह जैन के सुपरविजन में थाना अधिकारी हुकम सिंह एवं उनकी टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार प्रकरण संख्या 43/2025 में धारा 8/15, 8/18 एवं 8/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत वांछित आरोपी बंशीलाल उर्फ रामरख पुत्र हरिराम निवासी चंपाबेरी, हरिपुरा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी प्रकरण संख्या 129/2022 में भी धारा 8/15 एवं 8/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना बागोड़ा, जिला जालोर में वांछित था।

## पशुपालन को सुदृढ़ करने में मधुमक्खियों की महत्वपूर्ण भूमिका

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** विश्व मधुमक्खी दिवस के अवसर पर राजकीय पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने पशुपालन और कृषि उत्पादन में मधुमक्खियों की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला।

संस्थान के उपनिदेशक डॉ. द्वारका प्रसाद गुप्ता, वरिष्ठ पशुचिकित्साधिकारी डॉ. पदमा मील डॉ. ओमप्रकाश साहु एवं डॉ. ममता सोनी ने बताया कि पशुओं के अच्छे स्वास्थ्य एवं दुग्ध उत्पादन के लिए प्रोटीन युक्त आहार अत्यंत आवश्यक है। जिस आहार में प्रोटीन अत्याधिक होता है वो पशुओं के लिए सर्वोत्तम है। वैज्ञानिक दृष्टि से देखा गया है कि लुसर्न में प्रोटीन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है तथा फसलों के बेहतर उत्पादन में मधुमक्खियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

उन्होंने बताया कि मधुमक्खी के सहयोग के बिना लुसर्न से प्रोटीन युक्त चारा प्राप्त नहीं हो सकता। जिससे पशुओं में दुग्ध उत्पादन नहीं बढ़ाया जा सकता है। गाय और भैंस का सबसे ताकतवर खाना बरसीम, लुसर्न हैं जिसमें 20 से 25 प्रतिशत प्रोटीन होता है। इन फलीदार चारों का बीज मधुमक्खी के परागण से बनता है। विशेषज्ञों ने बताया कि मधुमक्खियों द्वारा परागण होने से चारा उत्पादन बढ़ता है, जिससे पशुओं को पर्याप्त पोषण मिलता है और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि यदि मधुमक्खियां नहीं रहेंगी तो पशुपालन, दूध उत्पादन और रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि दुनिया के लगभग 75 प्रतिशत भोजन उत्पादन में मधुमक्खियों का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष योगदान है। वक्ताओं ने मधुमक्खियों के संरक्षण को मानव जीवन और कृषि व्यवस्था के लिए आवश्यक बताया।

संगोष्ठी के तहत अन्नु चैधरी, हर्ष कुमार मीणा एवं कुलदीप बागोरा ने निबंध प्रतियोगिता के तहत बताया कि विश्व मधुमक्खी दिवस 2026 की थीम ह्ललोंगों और धरती के लिए साथ मिलकर-मधुमक्खीह्व और ह्लएक ऐसी साझेदारी जो हम सब को संभालती हैह्व इंसानों और मधुमक्खियों का रिश्ता हजारों साल पुराना है। एक जानकारी के मुताबिक मधुमक्खियां भारत में 40 प्रतिशत तक घट गयी है। संगोष्ठी के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को मधुमक्खियों के संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में संजय, तनुज, सुनील, दिनेश, कृष्णकांत, अनिल, गणेश योगी, अजय सैनी, प्रकाश सैनी और दुर्गासिंह सहित कई प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

## उदयपुर में क्रिकेट का महाकुंभ, ओसवाल प्रीमियर लीग का भव्य आगाज




**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** ओसवाल युवक परिषद द्वारा आयोजित ओसवाल प्रीमियर लीग (स्कॉर्पियो क्रिकेट कार्निवल) का शिकारबाड़ी ग्राउंड में रंगारंग कार्यक्रम के साथ भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में खेल प्रेमियों का भारी उत्साह देखने को मिला और पूरा मैदान रंग-बिरंगी जर्सियों, ध्वजों और जोशीले माहौल से गुलजार नजर आया।

पांच दिवसीय इस क्रिकेट महोत्सव में 26 पुरुष एवं 8 महिला टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता 20 मई से 24 मई तक आयोजित होगी, जिसमें विजेता टीमों और खिलाड़ियों को कुल 5 लाख रुपये तक के आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। आयोजन ओसवाल सभा के प्रधान प्रकाश कोठारी के निर्देशन में तथा ओसवाल युवक परिषद के अध्यक्ष अनिल जारौली के नेतृत्व में किया जा रहा है।

परिषद के महामंत्री भूपेश खमेसरा ने बताया कि लीग का मुख्य उद्देश्य सकल जैन समाज की एकता को मजबूत करना, युवाओं की छिपी प्रतिभाओं को मंच देना तथा खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है। अध्यक्ष अनिल जारौली ने कहा कि यह केवल क्रिकेट प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक सोच विकसित करने का मंच है। उन्होंने भविष्य में इस आयोजन को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की बात भी कही।

उद्घाटन समारोह में महंत योगी प्रकाश नाथ जी महाराज, ओसवाल सभा अध्यक्ष प्रकाश कोठारी, मेवाड़ राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, विधायक उदयलाल डांगी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में संयोजक लवेश भंडारी, मोहित जारौली, कोषाध्यक्ष कुलदीप पितलिया एवं डॉ. प्रमिला जैन ने खेल प्रेमियों से पांचों दिन मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की। शिकारबाड़ी मैदान अब 24 मई तक रोमांचक मुकाबलों का गवाह बनेगा।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।